Bal Bharati PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

अंतर्विभागीय पॉडकास्ट आधारित बालसभा गतिविधि (2023 - 24)

भारतीय इतिहास के गुमनाम नायक

"अंधकार को दूर किया, ज्योति का प्रकाश फैलाया....!

भारत के वीर सपूतों ने आज़ादी का परचम लहराया....!!"

भारतीय इतिहास के गुमनाम नायकों का योगदान भारतीय समाज और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण रहा है। ये नायक अपनी अद्भुत वीरता, साहस, और समर्पण के माध्यम से इतिहास में अपनी पहचान छोड़ गए। गुमनाम नायकों का योगदान भारतीय समाज में सशक्तिकरण और स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण है। उनकी कहानियाँ हमें यह याद दिलाती हैं कि हर व्यक्ति के योगदान का महत्व होता है, चाहे वह अग्रणी हो या गुमनाम।

इसी कड़ी में विद्यालय में अंतर्विभागीय पॉडकास्ट आधारित गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 3, 4 व 5 के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया | इसमें प्रत्येक प्रतिभागी ने, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान देने वाले नायकों पर एक कविता का वाचन अपनी आवाज़ में रिकॉर्ड करके पॉडकास्ट तैयार किया | कक्षा 3, 4 व 5 के प्रत्येक विभाग से विद्यार्थियों ने अपनी - अपनी प्रस्तुति दी |

सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियाँ सराहनीय थीं | विद्यार्थियों ने पूरे ज़ोश व उत्साह का परिचय दिया | उनके मुख से देशभक्ति व वीरों के बलिदान की सुरमय अभिव्यक्ति ने सबको चौंका दिया | निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रस्तुतियों में से कक्षानुसार 3 - 3 विजेताओं का चयन किया गया | इस गतिविधि से विद्यार्थियों को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के बारे में जानने का अवसर प्राप्त हुआ व उनमें देश भक्ति की भावना जागृत हुई |

प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता -

श्रीमती पूनम कौशिक

प्राथमिक मुख्याध्यापिका -

श्रीमती विनया पुजारी